ईश्वरीय
खजाना
टीम
*Presents*

# विशेष पुरुषार्थ

## तीव्रता से आगे बढ़ने की श्रेष्ठ युक्तियां

यह श्रेष्ठ पुरुषार्थ की
भिन्न भिन्न युक्तियाँ
बाबा की रोज
जैसे मीठी थपकी है
अन्तर्मन में
जो समा ले इसे
जीवन में उसकी सफलता
शत प्रतिशत पक्की है...

# SWAMAAN



## अव्यक्त स्थिति

मैं स्व-स्थिति द्वारा सर्व परिस्थितियों का सामना करने वाली अव्यक्त स्थिति की अभ्यासी आत्मा हूँ



किसी भी विधि से कमजोरी को मिटाना ही है – यह दृढ़ संकल्प करो। ... स्वयं पर और समय पर कोई भरोसा नहीं है। ... "अब नहीं तो कब नहीं" अर्थात् जो करना सो अभी करना है।

परमपिता परमात्मा शिव

## अव्यक्त शिक्षाएँ

"सदा निश्चयबुद्धि विजयी रत्न हैं।" -इसी नशे में रहो। निश्चय का फाउन्डेशन सदा पक्का है! अपने आप में निश्चय, बाप में निश्चय और ड्रामा की हर सीन को देखते हुए उसमें भी पूरा निश्चय। सदा इसी निश्चय के आधार पर आगे बढ़ते चलो। अपनी जो भी विशेषतायें हैं, उनको सामने रखो, कमजोरियों को नहीं, तो अपने आप में फेथ रहेगा। कमजोरी की बात को ज्यादा नहीं सोचना तो फिर खुशी में आगे बढ़ते जायेंगे। बाप का हाथ लिया। बाप का हाथ पकड़ने वाले सदा आगे बढ़ते हैं, यह निश्चय रखो। जब बाप सर्वशक्तिवान है तो उसका हाथ पकड़ने वाले पार पहुँचे कि पहुँचे। चाहे खुद भले कमजोर भी हो लेकिन साथी तो मजबूत है ना। इसलिए पार हो ही जायेंगे। सदा निश्चयबुद्धि विजयी रत्न, इसी स्मृति में रहो। बीती सो बीती, बिन्दी लगाकर आगे बढ़ो।

अ.बापदादा-28.12.82


जितना हिम्मतवान बनते हैं
उतना पद्मगुणा बाप की
मदद के स्वतः ही पात्र बन
जाते हैं।

# "अन्त में यह सब साधन समाप्त हो जायेंगे। यह वीडिओ नहीं काम में आयेगा"

जैसे आप लोगों ने यह वीडियो सेट लगाया है तो देखते भी हो और सुनते भी हो, तो बापदादा के पास भी हरेक के लिए टी.वी. सेट है। जब चाहें तब स्वीच आन करें। यह हैं सेवा के साधन और वह हैं बाप-बच्चों के हालचाल का साधन। वैसे तो अन्त में यह सब साधन समाप्त हो जायेंगे। यह वीडिओ नहीं काम में आयेगा लेकिन विल-पावर का सेट काम में आयेगा। लेकिन साइन्स वाले बच्चों ने जो इतना समय, एनर्जा, मनी खर्च करके साधन बनाया है, बच्चों की मेहनत बाप की सेवा में लग रही है। इसलिए बाप भी बच्चों की मेहनत देख खुश होते हैं कि सेवा के साधन अच्छे बनाये हैं! फिर भी हैं तो बच्चे ना! बाप, बच्चों की इन्वेन्शन देख खुश तो होंगे ना! जिस भी कार्य में लगे हुए हैं उसी कार्य में सफलता पा रहे हैं। चाहे अल्पकाल की हो लेकिन सफलता तो है ना!

AvyaktMurli- 22-10-81


B A B A मेरे हृदय मे हमेशा तेरा वास रहें
B A B A मेरे सिर पर हमेशा तेरा हाथ रहें
B A B A रास्ते हो चाहे कितने भी कठिन हो
बस हर पल · B A B A · तेरा साथ रहे

आत्मा का स्वधर्म, सुकर्म,
स्व स्वरूप और स्वदेश शान्त है
संगमयुग की विशेष शक्ति
साइलेन्स की शक्ति है
आपका अनादि लक्षण है-
शान्त स्वरूप रहना और
सर्व को शान्ति देना
इसी साइलेन्स की शक्ति में
विश्व की सर्व समस्याओं का
हल समाया हुआ है



निराकार ज्योतिर्बिन्दु
परमपिता शिव परमात्मा

*Om Shanti*




*Join Brahma Kumaris*

# Brahma Kumaris Websites

Main BK website www.shivbabas.org OR www.brahmakumari.org (by SBS team)

Int'l website: www.brahmakumaris.org

India website: www.brahmakumaris.com

BK Sustenance website: www.bksustenance.net

All Data hosted on www.bkdrluhar.com

Murli Websites: babamurli.net and madhubanmurli.org

www.omshantimusic.net

www.bkgoogle.org

www.bksewa.org

www.bkinfo.in

www.bk.ooo

www.brahmakumari.org/centres

NEW www.IshvariyaKhajana.BKhq.org